ओ सांवरे (बनोगे राधा तो ये जानोगे) | Mukesh Bagda

बनोगे राधा तो ये जानोगे
के कैसा प्यार है मेरा
ओ सांवरे .....ओ सांवरे
ओ सांवरे .....ओ सांवरे

क्या होती प्रतीक्षा है
क्या पीड़ा होती है
कितना जलता है दिल
जब आँखें रोती हैं
बहेंगे आंसू.....
बहेंगे आंसू तब ये जानोगे
के कैसा प्यार है मेरा
ओ सांवरे .....ओ सांवरे
ओ सांवरे .....ओ सांवरे

जब कोई सुनेगा ना
तेरे मन के दुखड़े
जब ताने सुन सुनकर
होंगे दिल के टुकड़े
सुनोगे ताने....
सुनोगे ताने तो ये जानोगे
के कैसा प्यार है मेरा
ओ सांवरे .....ओ सांवरे
ओ सांवरे .....ओ सांवरे

पनघट पे मधुबन में
वो इंतज़ार करना
ऐ श्याम तेरी खातिर
वो घुट घुट कर मरना
करोगे इंतज़ार .....
करोगे इंतज़ार जानोगे
के कैसा प्यार है मेरा
ओ सांवरे .....ओ सांवरे
ओ सांवरे .....ओ सांवरे

क्या जानोगे मोहन
तुम प्रेम की भाषा
क्या होती है आशा
क्या होती निराशा
करोगे प्रेम.....
करोगे प्रेम तो खुद ये जानोगे
के कैसा प्यार है मेरा
ओ सांवरे .....ओ सांवरे
ओ सांवरे .....ओ सांवरे

अब एक तमन्ना है
गर से फिर से जनम मिले

मैं श्याम बनु तेरा
तू राधा बनके जिए
बनोगे राधा .....
बनोगे राधा तो ये जानोगे
के कैसा प्यार है मेरा
ओ सांवरे .....ओ सांवरे
ओ सांवरे .....ओ सांवरे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%93-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%a8%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%a7%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%9c/